संख्या–cm-65
30/01/2021

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को शत्–शत् नमन, स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं की स्मृति में अर्पित की गई मौन श्रद्धांजलि

पटना, 30 जनवरी 2021 :– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं की स्मृति में मौन श्रद्धांजलि अर्पित किये जाने का मुख्य कार्यक्रम पटना के गांधी घाट पर आयोजित किया गया। राज्यपाल श्री फागू चौहान, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प–चक्र अर्पित कर महात्मा गांधी एवं हुतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर सशस्त्र पुलिस द्वारा सलामी दी गई तथा दो मिनट की शोक सलामी भी दी गयी। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं की स्मृति में मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री संजय कुमार अग्रवाल, आई0जी0 श्री संजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री चंन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेन्द्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया और मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि हमलोग बापू के प्रति आज यहां श्रद्धांजलि अर्पित करने आए हैं। पूरे देश को बापू को याद रखना चाहिए। उन्होंने देश को आजादी दिलायी, देश के विकास के लिए उन्होंने जो बातें कही हैं उसका हम सबको अनुसरण करना चाहिए। हमलोग बापू के विचारों को ध्यान में रखकर ही बिहार में सभी काम कर रहे हैं। पर्यावरण को लेकर बापू ने अपने जमाने में कई बातें कहीं हैं जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। बापू ने कहा था कि पृथ्वी जरुरतों को पूरी करने में सक्षम है, लालच को नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बापू के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। हमलोगों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जल–जीवन–हरियाली की शुरुआत की है। आज के दिन बापू के प्रति लोगों को सिर्फ श्रद्धा ही निवेदित नहीं करनी चाहिए बल्कि बापू के विचारों को भी आत्मसात करना चाहिए। बापू के द्वारा बताए गए सात सामाजिक पापों को हमलोगों ने सभी सरकारी स्कूल–कॉलेजों और सरकारी संस्थानों में अंकित करवा दिया है। सभी स्कूलों में बापू के जीवन, उनके विचारों के बारे में हर दिन बच्चों को पाठ पढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि बापू के विचारों को अगर नई पीढ़ी के 10 से 15 प्रतिशत लोग अपना लेंगे तो यह देश बदल जाएगा और समाज में हो रहे नकारात्मक कार्यों पर नियंत्रण हो सकेगा। लोगों का स्वभाव भी बदलेगा और समाज भी बदल जाएगा। हमलोग बापू के विचार को ही अपनाकर समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। हम बापू के विचारों से अलग हटकर नहीं जा सकते हैं। हमलोग उनके प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और अपनी प्रतिबद्धता को नहीं छोड़ेंगे।

लालकिले पर उपद्रवियों द्वारा झंडा फहराए जाने के संबंध में पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत ही निंदनीय है। सबको अपनी बात कहने का अधिकार है, लेकिन अपनी बात रखने का यह मतलब नहीं है कि आप ऐसी बात करें जो देश के हित में नहीं है। लालकिले पर जो भी हुआ उसकी जितनी भी निंदा की जाए वो कम है।

बिहार में आज विपक्षियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग मानव श्रृंखला को मानने तो लगे। मानव श्रृंखला बनाने तो लगे। मानव श्रृंखला की शुरुआत हमलोगों ने की थी। सबसे पहले वर्ष 2017 में शराबबंदी के लिए मानव श्रृंखला बनायी गयी थी, उसके बाद दहेज प्रथा एवं बाल विवाह के खिलाफ मानव श्रृंखला बनायी गयी और पिछले वर्ष 19 जनवरी, 2020 को जल–जीवन–हरियाली के पक्ष में बहुत बड़ी मानव श्रृंखला बनी। सबको अपनी बात रखने का अधिकार है, हमको इस पर कुछ नहीं कहना है। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड पड़ रही है, सबको सचेत रहना चाहिए। आपदा प्रबंधन विभाग को इसके लिए अलर्ट कर दिया गया है।

******